भारत सरकार
महिला एवं बाल विकास मंत्रालय
लोक सभा
अतारांकित प्रश्न संख्या 2095
दिनांक 12 दिसम्बर, 2025 को उत्तर देने के लिए

विद्यालयों के साथ सह-स्थापित आंगनवाड़ी केंद्र

2095. श्री टी.एम. सेल्वागणपति:

क्या **महिला और बाल विकास मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार प्राथमिक विद्यालयों के परिसरों में 11 लाख आंगनवाड़ी केंद्रों (एडब्ल्यूसी) को जोड़ने पर विचार कर रही है, और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ख) क्या लगभग 2.9 लाख आंगनवाड़ी केंद्रों को निकटतम विद्यालयों के साथ और 9.16 लाख को कक्षा 1 वाले विद्यालयों के साथ सह-स्थापित किया गया है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या यह कार्य शिक्षा मंत्रालय और महिला एवं बाल विकास मंत्रालय द्वारा संयुक्त रूप से किया जा रहा है, और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(घ) क्या इस संबंध में एक संयुक्त दिशानिर्देश भी जारी किया गया है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर
महिला एवं बाल विकास राज्य मंत्री
(श्रीमती सावित्री ठाकुर)

(क) से (घ): सरकार ने प्रारंभिक बाल्यावस्था देखरेख एवं शिक्षा को सुदृढ़ करने हेतु महिला एवं बाल विकास मंत्रालय और विद्यालय शिक्षा एवं साक्षरता विभाग के बीच तालमेल को बढ़ाते हुए कई कदम उठाए हैं। दोनों मंत्रालयों द्वारा दिनांक 2 अप्रैल 2025 को एक संयुक्त दिशानिर्देश जारी किये गए, जो दोनों मंत्रालयों के बीच प्रभावी तालमेल

पर केंद्रित है, और आंगनवाड़ी केंद्रों को सरकारी प्राथमिक विद्यालयों के साथ सह-स्थापित किए जाने का प्रावधान भी शामिल है।

आंगनवाड़ी केन्द्रों को सरकारी प्राथमिक विद्यालयों के साथ सह-स्थापित करने हेतु विस्तृत दिशा-निर्देश दोनों मंत्रालयों द्वारा 3 सितंबर 2025 को जारी किए गए।

दिशानिर्देशों में अन्य बातों के साथ-साथ निम्न भी शामिल हैं:-

- आंगनवाड़ी केन्द्रों का निकटतम विद्यालय के साथ मैपिंग ताकि विद्यालय-पूर्व तैयारी तथा प्रारंभिक शिक्षा की निरंतरता सुनिश्चित की जा सके;
- नए आंगनवाड़ी केन्द्रों को विद्यालय परिसर में सह-स्थापित करने के लिए प्रोत्साहित करना, बशर्ते वहां आवश्यक आधारभूत अवसंरचना उपलब्ध हो; तथा
- जहाँ भौतिक रूप से सह-स्थापन संभव न हो, वहाँ आंगनवाड़ी केन्द्रों का निकटतम प्राथमिक विद्यालय के साथ मैपिंग करना।

इन दिशा-निर्देशों का उद्देश्य बुनियादी शिक्षा को सुदृढ़ करना, तथा देशभर के छोटे बच्चों के लिए पूर्व-विद्यालय से प्राथमिक विद्यालय तक बेहतर पहुँच और सुचारु अंतरण सुनिश्चित करना है।

यूनिफाइड डिस्ट्रिक्ट इन्फॉर्मेशन सिस्टम फॉर एजुकेशन पोर्टल के अनुसार, देश भर में 2,99,546 आंगनवाड़ी केंद्रों को सरकारी स्कूलों के साथ सह-स्थापित किया गया है।

*****